हिन्दुस्त

# यूपी में कृषि उत्पादों का निर्यात करेंगे 81 पैक्स

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी के गांवों में सक्रिय प्रारंभिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) को बहु सेवा क्षेत्र में लाने की योजना के तहत 81 पैक्सों को निर्यात के काम में लगाया जाएगा। ये पैक्स किसानों की उपज व उत्पाद खास कर मिलेट्स, कालानमक चावल, ओडीओपी आदि को विदेशों को निर्यात करेंगी। इससे किसानों को अपने उत्पादों को देश के विभिन्न हिस्सों के साथ ही विदेशों में बिक्री करने की सहुलियत मिल जाएगी।

सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर के मुताबिक किसानों की उपज को लोकल से ग्लोबल बनाने की दिशा में सहकारिता विभाग के पैक्स बड़ी भूमिका निभाएंगे। पैक्सों को मल्टी सर्विस सेंटर के रूप में विकसित करने में केंद्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है।

## मंत्री जिलों के उद्यान अधिकारियों से खफा

लखनऊ। उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने निर्माण कार्यों में धीमी प्रगति वाले जनपदों के उद्यान अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि समय से गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराया जाए। निर्माण में धीमी प्रगति करने वाले कार्यदायी संस्थाओं को नोटिस जारी किया जाए। गुरुवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसानों के हितों में कार्य करे। किसानों को कैसे योजनाओं से जोड़ा जाए, इस पर कार्य करें।